1	2
25. पश्चिमी बंगाल	3443
संघ राज्य क्षेत्र	
1. अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	3
2. चंडीगढ़	731
3. दादरा व नगर हवली	7
4. दिल्ली	3977
5. दमण व दीव*	
6. लक्षद्वीप	7
7. पांडिचेरी	398
कुल :	30869

टिप्पणी :

1. * इस राज्य में कोई रोजगार केन्द्र नहीं है।
2. ** आंकड़े नहीं रखे गये।
3. यह आवश्यक नहीं है कि रोजगार केन्द्र के चालू रजिस्टर में दर्ज सभी स्नातक बेरोजगार हों/पंजीकरण स्वैच्छिक होने के कारण सभी बेरोजगार स्वयं को रोजगार केन्द्र में दर्ज नहीं कराते ।

कमला नेहरू अस्पताल, इलाहाबाद में कैंसर के उपचार की सुविधाएं

2873. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कमला नेहरू अस्पताल, इलाहाबाद में कैंसर के निवारण और उपचार के लिये कोई विभाग है ;

(ख) यदि हां, तो उस अस्पताल को केन्द्र द्वारा प्रतिवर्ष कितनी राशि आबंटित की जाती है ; और

(ग) क्या सरकार इस राशि में वृद्धि करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कितनी यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी. के. तारादेवी सिद्धार्थ) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

बिहार में काला-अजार के लिए सहायता

2874. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले एक वर्ष के दौरान बिहार में काला-अजार की बीमारी पर काबू पाने के लिये सरकार द्वारा कितनी धनराशि उपलब्ध करायी गई है;